मेट्रो-३

३२ किमी अंडरग्राउंड टनल टकाटक!

५९ फीसदी टनल का काम हुआ पूरा



सामना संवाददाता / मुंबई

मुंबई में बड़ी तेजी के साथ मेट्रो का जाल बिछाया जा रहा है। हाल ही में मेट्रो-२ए का ७० प्रतिशत और मेट्रो-७ का ६९ प्रतिशत सिविल वर्क पूरा होने के बाद अब कुलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो-३ का ५९ प्रतिशत अंडर ग्राउंड टनल का काम पूरा हो चुका है। इसी के साथ ही मुंबई में ३२ किमी अंडर ग्राउंड मेट्रो लाइन तैयार हो चुकी है।

बता दें कि कुलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो-३ के अप-डाउन अंडर ग्राउंड टनल की कुल लंबाई करीब ५६ किमी है। इसमें से ३२ किमी अंडर ग्राउंड मेट्रो टनल का काम अब तक पूरा हो चुका है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मेट्रो टनल की खुदाई के लिए मुंबई के विभिन्न हिस्सों में जमीन के नीचे कुल १७ टीबीएम मशीनें खुदाई कर रही हैं। इस योजना के तहत कुछ ३२ ब्रेक थ्रू यानी टीबीएम मशीन का आर-पार होना है। उसमें से अब तक १४ ब्रेक थ्रू हो चुके हैं। इतना ही नहीं मेट्रो वर्क के लिए ९९ फीसदी पिलरों की नींव रखने का काम पूरा हो चुका है। इसी तरह ७४ फीसदी खुदाई का काम, ८३ फीसदी डेक, ३७ फीसदी बेस स्लैब आदि काम २६ स्टेशनों के लगभग पूरे हो चुके हैं। मेट्रो-३ नाम एक्वा लाइन रखा गया है। माना जा रहा है कि मेट्रो-३ लाइन का परिचालन शुरू होने से इस रूट की सड़कों पर ट्रैफिक कम हो जाएगा। साथ ही बांद्रा से चर्चगेट के बीच लोकल ट्रेनों में होनेवाली भीड़ भी कम हो जाएगी। ३३.५ किमी मेट्रो-३ लाइन की कुल अनुमानित लागत २३,१३६ करोड़ रुपए है।